प्रस्ताव

# 32 न्यूनतम मज़दूरी बढ़ाता है। पहल विधान।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश**

अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 96 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- California की न्यूनतम मज़दूरी इस समय $16 प्रति घंटा है। यह विधेयक उस न्यूनतम मज़दूरी को निम्नानुसार बढ़ाता है:
  - 26 या इससे अधिक कर्मचारियों वाले नियोक्ता 2024 के बाकी बचे समय के लिए प्रति घंटा $17 और 1 जनवरी, 2025 से प्रति घंटा $18 का भुगतान करेंगे।
  - 25 या इससे कम कर्मचारियों वाले नियोक्ता 1 जनवरी, 2025 से प्रति घंटा $17 का भुगतान करेंगे और 1 जनवरी, 2026 से प्रति घंटा $18 का भुगतान करेंगे।
- इसके बाद, जैसा कि मौजूदा कानून में व्यवस्था है, न्यूनतम मज़दूरी महंगाई के लिए वार्षिक रूप से समायोजन करती है।
- ऊपर बताई गई सामान्य रूप से लागू होने वाली न्यूनतम मज़दूरी के अतिरिक्त, मौजूदा कानूनों में विनिर्दिष्ट उद्योगों में उच्च न्यूनतम मज़दूरी निर्धारित की गई है। यह विधेयक उन कानूनों में संशोधन नहीं करता है।

### राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:

- राज्य और स्थानीय सरकार की लागतों में वृद्धि या कमी हो सकती है। इस परिवर्तन से संभावित रूप से सालाना उच्च सैंकड़ों मिलियन डॉलर से ज़्यादा की वृद्धि नहीं होगी।
- राज्य और स्थानीय टैक्स राजस्व में संभावित रूप से कमी होगी। राजस्व की यह हानि संभावित रूप से सालाना कुछ सैंकड़ों मिलियन डॉलर से ज़्यादा नहीं होगी।

32

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***राज्य और स्थानीय कानून न्यूनतम वेतन निर्धारित करते हैं।*** नियोक्ताओं के लिए अपने कर्मियों को कम से कम न्यूनतम वेतन का भुगतान करना आवश्यक होता है। California का न्यूनतम वेतन इस समय $16 प्रति घंटा है। कुछ स्थानीय सरकारों के न्यूनतम वेतन इससे ज़्यादा होते हैं। न्यूनतम वेतन कानून स्वतंत्र ठेकेदारों और अन्य स्व-नियोजित लोगों पर लागू नहीं होते हैं।

***मौजूदा कानून के अंतर्गत महंगाई समायोजन।*** समय-समय पर कीमतें बढ़ती रहती हैं। इन बढ़ती कीमतों को "महंगाई" कहा जाता है। राज्य महंगाई के आधार पर प्रत्येक वर्ष अपने न्यूनतम वेतन को समायोजित करता है। प्रत्येक समायोजन U.S. की मंहगाई से मेल खाता है, दो मामलों को छोड़कर:

- यदि महंगाई ऋणात्मक होती है, तो समायोजन शून्य होता है।
- यदि महंगाई 3.5 प्रतिशत से अधिक होती है, तो समायोजन 3.5 प्रतिशत होता है।

***राज्य कुछ नियोक्ताओं के लिए उच्च न्यूनतम वेतन निर्धारित करता है।*** राज्य के कानून कुछ उद्योगों में नियोक्ताओं के लिए उच्च न्यूनतम वेतन निर्धारित करते हैं। उदाहरण के लिए, अधिकतर फास्ट फूड रेस्टोरेंट्स के लिए अपने कर्मियों को कम से कम $20 प्रति घंटे का भुगतान करना आवश्यक होता है।

## प्रस्ताव

***2025 में उच्च न्यूनतम वेतन।*** 2025 में, California में विभिन्न आकार वाले नियोक्ताओं के लिए अलग-अलग न्यूनतम वेतन होंगे। 26 या ज़्यादा कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए न्यूनतम वेतन $18 प्रति घंटा होगा। 25 या कम कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए न्यूनतम वेतन $17 प्रति घंटा होगा। प्रस्ताव 32 के बिना, सभी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन $16.50 प्रति घंटा होगा। यह प्रस्ताव किसी भी स्थानीय या उद्योग-विशिष्ट न्यूनतम वेतन को नहीं बदलेगा।

***2026 में न्यूनतम वेतन $18 प्रति घंटा।*** 2026 में, सभी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन $18 प्रति घंटा होगा। प्रस्ताव 32 के बिना, यह संभावित रूप से लगभग $17 प्रति घंटा होगा।

***महंगाई समायोजनों को 2027 तक रोक दिया गया है।*** न्यूनतम वेतन को 2027 में शुरू करते हुए प्रत्येक वर्ष महंगाई के लिए समायोजित किया जाएगा। ये समायोजन पहले वर्णित मौजूदा नियमों का पालन करेंगे।

## राजकोषीय प्रभाव

***राजकोषीय प्रभाव आर्थिक प्रभावों पर निर्भर होते हैं।*** प्रस्ताव 32 के कई प्रकार के आर्थिक प्रभाव हो सकते थे:

- ***उच्च वेतन।*** वे कर्मी, जो $18 प्रति घंटा से कम कमाते होंगे, वो 2026 तक इसके स्थान पर $18 या अधिक प्रति घंटा कमाएंगे। उच्च न्यूनतम वेतन अन्य कर्मियों के लिए भी वेतन बढ़ाने में सहायक होता है। इसका अर्थ है कि संभावित रूप से $18 प्रति घंटा से थोड़ा ज़्यादा कमाने वाले कई कर्मियों की भी वेतन वृद्धि होगी।
- ***संभावित रूप से उच्च कीमतें।*** उच्च वेतन कई कारोबारों के लिए लागतों में वृद्धि करेगा। कुछ कारोबार संभावित रूप से ग्राहकों से उच्च कीमतें वसूल करेंगे। प्रस्ताव 32 से संपूर्ण कीमत वृद्धि 1 प्रतिशत के आधे से भी कम होगी।
- ***संभावित रूप से कम मुनाफे।*** उच्च वेतन की लागतें संभावित रूप से कुछ कारोबारों के मुनाफे को कम कर देंगी।
- ***नौकरियों पर प्रभाव।*** राज्य में नौकरियों की संख्या ज़्यादा या कम हो सकती है। यह परिवर्तन संभावित रूप से 1 प्रतिशत के एक-चौथाई से भी कम होगा।

***सरकारी लागतें ज़्यादा या कम हो सकती हैं।*** प्रस्ताव 32 कुछ तरीकों में राज्य और स्थानीय सरकार की लागतों में वृद्धि करेगा लेकिन अन्य तरीकों में उनको कम करेगा:

- ***कर्मियों के लिए भुगतान करने हेतु उच्च सरकारी लागतें।*** राज्य और कई स्थानीय सरकारों को उनके कर्मचारियों को भुगतान करने की उच्च लागतें होंगी। उन कर्मियों द्वारा किए गए काम के लिए भुगतान करने हेतु भी उनकी उच्च लागतें होंगी, जो उनके कर्मचारी नहीं हैं।
- ***स्वास्थ्य और मानव सेवा प्रोग्रामों में कम नामांकन होने से बचतें।*** प्रस्ताव 32 स्वास्थ्य और मानव सेवा प्रोग्रामों (जैसे California का Medicaid प्रोग्राम, Medi-Cal) में नामांकन करने वाले लोगों की संख्या को बदलेगा क्योंकि यह लोगों की आमदनियाँ बदलेगा। ये नामांकन परिवर्तन संभावित रूप से राज्य और स्थानीय सरकारी लागतों को कम कर देंगे।

**इन दो बातों को मिलाकर, कुल राज्य और स्थानीय सरकारी लागतें ज़्यादा या कम हो सकती हैं। इस परिवर्तन से संभावित रूप से प्रत्येक वर्ष (सालाना) उच्च सैंकड़ों मिलियन डॉलर से ज़्यादा की वृद्धि नहीं होगी।** (California में कुल राज्य और स्थानीय सरकारी खर्च सालाना $500 अरब से अधिक है।)

राज्य के सामान्य कोष में लागतों में परिवर्तन संभावित रूप से राज्य के कुल सामान्य कोष बजट के 1 प्रतिशत से आधे से कम होगा। (सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है।)

***कम राजस्व।*** प्रस्ताव 32 आय पर टैक्स और बिक्री टैक्स राजस्व को प्रभावित करेगा क्योंकि यह आय और कीमतों में परिवर्तन करेगा। कुल मिलाकर, प्रस्ताव संभावित रूप से राज्य और स्थानीय सरकारी राजस्व को कम करेगा। कारोबार के मालिकों के लिए मुख्य रूप से कम आय होने के कारण राजस्व कम होगा। राजस्व की हानि संभावित रूप से सालाना कुछ सैंकड़ों मिलियन डॉलर से ज़्यादा नहीं होगी। पिछले वर्ष, इन टैक्सों से कुल राज्य और स्थानीय राजस्व लगभग $200 अरब था।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2024-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

32